दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र



मुरादाबाद से प्रकाशित

Title Code UPBIL 05086

वर्ष :- 01 अंक :- 266 मुरादाबाद 20 January 2022 (Thursday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## कांग्रेस को समर्थन दे रहे तौकीर रजा बोले- बाटला हाउस में आतंकी नहीं, हमारे बच्चे मारे; मिलना चाहिए शहीद का दर्जा




आला हजरत बरेली शरीफ के मौलाना तौकीर रजा खां ने बाटला हाउस एनकाउंटर को लेकर विवादित बयान दिया है। तौकीर रजा ने बाटला हाउस एनकाउंटर को फर्जी बताते हुए कहा है कि मुठभेड़ में आतंकवादी नहीं मारे गए थे और इंस्पेक्टर महेश चंद्र शर्मा की हत्या पुलिसवालों ने ही की थी। तौकरी ने यह भी खुलासा किया कि कांग्रेस पार्टी ने उनसे वादा किया था कि 2009 में सरकार बनते ही सबसे पहले इस मुठभेड़ की जांच कराई जाएगी, लेकिन पार्टी ने ऐसा नहीं किया। उन्होंने मुठभेड़ में मारे गए युवकों को शहीद का दर्जा देने की मांग करते हुए कहा कि कांग्रेस को पुलिस के मनोबल की फिक्र थी, मुसलमानों के मनोबल की नहीं। न्यूज एजेंसी एएनआई की ओर से जारी वीडियो में तौकीर रजा कहते हैं, श्यह बात सही है कि हम हमेशा कांग्रेस के खिलाफ रहे। हमसे एक गलती यह हुई की कांग्रेस की गलतियों की नीतियों की वजह से, हमने कांग्रेस को भी बहुत करीब से देखा। 2009 में जब मैं कांग्रेस के साथ था और उसे जितवाया था, तो मैंने मंच से कहा था कि कांग्रेस यह ना सोचे कि उनको माफ कर दिया है। कांग्रेस ने आपको अभी पैरोल पर छोड़ा है, अगर आपका काम आगे ठीक रहेगा तो आगे आपके बारे में सोचा जाएगा।श्श तौकीर ने आगे कहा, श्लेकिन उन्होंने सोचा कि मेरी सरकार बन गई। उन्होंने मुझसे कहा था कि सरकार बनने के बाद हमारा पहला काम होगा कि हम बाटला हाउस एनकाउंटर की जांच कराएंगे। अगर एनकाउंटर की जांच हो गई होती तो दुनिया को पता चल जाता कि जो मारे गए वे आतंकवादी नहीं थे, उन्हें शहीद का दर्जा मिलना चाहिए। जो इंस्पेक्टर शर्मा मारे गए, उनका कत्ल हुआ, उन्हें उनकी पुलिस ने मारा था। उन्होंने कहा कि इसकी जांच नहीं करवाएंगे पुलिसवालों का मनोबल कमजोर होगा। उन्हें पुलिस के मनोबल की ज्यादा परवाह होगी। 20 करोड़ मुसलमानों के मनोबल की परवाह नहीं थी। हमारे बच्चों को आतंकवादी कहकर मार डाला गया। मेरी शिकायतें कांग्रेस से हमेशा रही।श्श

### प्रियंका राहुल ही सच्चे सेक्युलर

तौकीर रजा ने एक बार फिर कांग्रेस से जुड़ने की वजह बताते हुए कहा, श्मैंने कांग्रेस को करीब से देखा। मैंने महसूस किया कि कांग्रेस को चारों तरफ से आरएसएस के लोगों ने घेरा हुआ है। मैंने हमेशा कांग्रेस की मुखालफत की है और करता रहूंगा। अब जब मैंने प्रियंका गांधी से मुलाकात की तो मैंने महसूस किया कि इस समय देश में ये दो भाई-बहन हैं जो सच्चे सेक्युलर हैं, लोकतंत्र में यकीन रखते हैं। बाकी सब ढोंग करते हैं।श्श


www.knlslive.com

## बीजेपी ने जारी की 30 स्टार प्रचारकों की लिस्ट, पीएम मोदी-सीएम योगी सहित कई बड़े नेता शामिल



भारतीय जनता पार्टी ने उत्त्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए 30 स्ट्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। बुधवार को जारी इस सूची में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भाजपा अध्य्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृहमंत्री अमित शाह और सीएम योगी सहित तमाम बड़े नेताओं के नाम हैं। केंद्रीय गृह राज्य्मंत्री अजय मिश्रा टेनी और सांसद वरूण गांधी का नाम इसमें शामिल नहीं है। पार्टी ने यह सूची पहले चरण के चुनावों को ध्य्यान में रखते हुए जारी की है। पार्टी नेताओं का कहना है कि यदि चुनाव आयोग कोविड मामलों की समीक्षा के बाद रैलियां करने की इजाजत देता है तो पार्टी के स्ट्टॉर प्रचारक चुनावी मैदान में उतरकर जनता से रूबरू संवाद करेंगे। इजाजत मिलने तक वर्चुअल और डिजिटल माध्य्यम से चुनाव प्रचार करेंगे। भाजपा की स्ट्टार प्रचारकों की सूची में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, भाजपा के प्रदेश अध्य्यक्ष स्व्वतंत्रदेव सिंह, केंद्रीय मंत्री राधा मोहन सिंह, मुख्त्तार अब्ब्बास नकवी, स्म्मृति ईरानी, डिप्प्टी सीएम केशव मौर्य, दिनेश शर्मा, संजीव बालियान, जसवंत सैनी, हेमा मालिनी, अशोक कटारिया, सुरेन्द्र नागर, चौधरी भूपेन्द्र सिंह, बीएल वर्मा, राजवीर सिंह शराजू भईयाश, एसपी सिंह बघेल, साध्व्वी निरंजन ज्य्योति, कांता कर्दम, रजनीकांत महेश्व्वरी, मोहित बेनीवाल, धर्मेन्द्र कश्य्यप, जेपीएस राठौर और भोला सिंह खटिक शामिल हैं। वरूण और टेनी का नाम शामिल नहीं भाजपा की स्ट्टार प्रचारकों की सूची में जहां कई केंद्रीय मंत्रियों और वेस्ट्ट यूपी के नेताओं के नाम हैं वहीं केंद्रीय गृह राज्य्मंत्री अजय मिश्रा टेनी और सांसद वरूण गांधी का नाम इसमें शामिल नहीं है।

## बीजेपी में शामिल होने के बाद बोलीं अपर्णा-नेताजी और सभी बड़ों का आशीर्वाद लेकर आई हूं



समाजवादी पार्टी के संरक्षक और पूर्व मुख्य्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की छोटी बहू अपर्णा यादव बुधवार को भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गई। अपर्णा के भाजपा में शामिल होने को जहां भाजपा अखिलेश यादव की बड़ी नाकामी बताते हुए परिवार तक न संभाल पाने का तंज कस रही है वहीं इस मौके पर अपर्णा यादव ने यह कहकर सबको चौंका दिया कि वे मुलायम सिंह यादव का आशीर्वाद लेकर आई हैं। मीडिया से बातचीत के दौरान अपर्णा ने कहा कि वह परिवार से विमुख नहीं हैं। सभी बड़ों का आशीर्वाद है। भाजपा में शामिल होने को विचारधारा की बात बताते हुए उन्होंने कहा- श्मैं स्वतंत्र हूं। मुझे पता है मुझे क्या करना है, इसलिए बीजेपी में आई हूं। बीजेपी के भी सभी बड़ों ने मुझे आशीर्वाद दिया है। वह जरूर मेरे लिए कुछ अच्छा करेंगे। अपर्णा से जब यह यह पूछा गया कि यदि आप चुनाव लड़ती हैं तो क्या मुलायम आपके लिए प्रचार करेंगे तो अपर्णा ने कहा कि मुझे उनका आशीर्वाद प्राप्त है। बाकी बातें बाद की हैं। इस मौके पर अपर्णा यादव ने पीएम मोदी और सीएम योगी की जमकर तारीफ की। उन्ह्होंने कहा कि उनके लिए राष्ट्र्धर्म सबसे ऊपर है। बीजेपी में शामिल होने के अपने फैसले पर अपर्णा यादव ने कहा कि मैंने राष्ट्र को हमेशा अपना धर्म माना है। हमेशा राष्ट्र के लिए ही फैसला लिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्य्यमंत्री योगी आदित्य्यनाथ से मैं बहुत प्रभावित हूं। उनकी नीतियां मुझे नैतिक रूप से अच्छी लगती हूं। इन्ह्हीं कारणों से आज भाजपा ज्व्वाइन की है। यह पूछे जाने पर कि क्य्या अखिलेश यादव और सपा राष्ट्र्धर्म का निर्वहन नहीं करती?, अपर्णा यादव ने कहा कि वह परिवार से विमुख होकर कोई बात नहीं कहना चाहती। मेरा निजी विचार है कि पिछले पांच वर्षों में सीएम योगी आदित्य्यनाथ ने उत्त्तर प्रदेश में जिस तरह काम किया है। जितनी योजनाएं चलाई हैं, वे प्रभावशाली हैं। लखनऊ कैंट से चुनाव लड़े जाने के सवाल पर अपर्णा ने कहा कि वह किसी शर्त के तहत भाजपा में नहीं आई हैं। जानते हैं कि मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से प्रभावित रही हूं। मेरे चिंतन में राष्ट्र सबसे पहले है। राष्ट्र का धर्म मेरे लिए सबसे ज्य्यादा जरूरी है। मैं राष्ट्र की अराधना करने निकली हूं। इसमें मुझे सबका सहयोग चाहिए।श अपर्णा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू की गई योजनाओं खासकर स्व्वच्छ भारत अभियान और महिलाओं तथा बेरोजगारों के लिए शुरू की गई योजनाओं की तारीफ की।

# भाजपा जिलाध्यक्ष के निर्देशन में घर घर पहुंचे कार्यकर्ता, भाजपा के पक्ष में बनाया माहौल



दुर्गेश तिवारी
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

रूद्रपुर- आगामी चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता दिन रात एक किये हुए है। रूद्रपुर विधानसभा के रम्पुरा क्षेत्र में भाजपा जिलाध्यक्ष शिव अरोरा के निर्देशन पर शहर के भाजपा कार्यकर्ताओं ने लोगों के बीच पहुंचकर डोर टू डोर जनसंपर्क किया और केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने डोर टू डोर जनसंपर्क कर आगामी 14 फरवरी को भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करने की बात कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में प्रदेश निरंतर प्रगति कर रहा है। प्रदेश को मजबूत करने व देश को सुरक्षित रखने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कुशल नेतृत्व जरूरी है। जिसके लिए भाजपा के पक्ष में मतदान करना अति आवश्यक है। वहीं रम्पुरा क्षेत्र में भाजपा को लेकर भारी उत्साह है और क्षेत्रवासियों का कहना है कि भाजपा को मजबूत करने के लिए आगामी 14 फरवरी को भाजपा के पक्ष में मतदान कर पार्टी को मजबूत किया जायेगा। जिससे पुनः प्रदेश में भाजपा की सरकार बनेगी। इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष सुशील यादव, धर्म सिंह कोली, सुनील यादव, गिरिश पाल, विपिन कोली, राज कोली, महेश कोली, सोनू वर्मा, मयंक कक्कड़, शिवकरन कोली, त्रिलोक कोली, निक्कू कोली रविन्द्र सिंह , ललित बिष्ठ व अन्य क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

www.knlslive.com

# 72 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब के साथ एसओजी उधमसिंहनगर ने 06 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

दुर्गेश तिवारी
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



रूद्रपुर- पुलिस उप महानिरीक्षक / वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद ऊधमसिंहनगर महोदय द्वारा एस०ओ०जी० /एडीटीएफ प्रभारी जनपद ऊधमसिंहनगर को आगामी चुनाव के दृष्टिगत शराब की तस्करी करने वालों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये थे। प्रभारी एस०ओ०जी० के नेतृत्व में एस०ओ०जी० रूद्रपुर व काशीपुर व एडीटीएफ टीम द्वारा दिनांक 18-01-22 को श्रीमान पुलिस अधीक्षक नगर रूद्रपुर, पुलिस अधीक्षक काशीपुर जनपद ऊधमसिंहनगर महोदय के पर्यवेक्षण में मुखबिर की सूचना पर कि थाना काशीपुर क्षेत्र में चौकिंग के दौरान वाहन संख्या च्च07-ठळ-0989 इसूजी व वाहन संख्या न्ड्ढ06७7200 में कुल 50 पेटी मैकडवल न0 1 चण्डीगण मार्का बरामद की तथा मौके पर अभियुक्त प्रीतम सिंह गिल पुत्र स्व0निशान सिंह निवासी जगतपुरा आवास विकास थाना ट्राजिट कैम्प जिला ऊधमसिंहनगर, 2 सन्दीप सिंह पुत्र गुरमेल सिंह निवासी जगतपुरा आ०विकास ट्रा०कैम्प, 3- नरेन्द्र तोमर पुत्र चांदी राम निझङा फार्म आईटीआई ऊधमसिंहनगर को मौके पर गिरफ्तार किया जबकि गिरोह का सरगना गुरविन्दर सिंह पुत्र कुलजीत सिंह सिद्धू निवासी सिद्धू फार्म नमूना बाजपुर व ललित रावत निवासी निझङा फार्म आईटीआई मौके से भागने में सफल रहे उक्त गिरोह का सरगना गुरविन्दर सिंह अपने भाई सन्दीप सिंह की मदद से चण्डीगङ से हरियाणा शराब का स्टॉक लाकर उ0प्र0 व उत्तराखण्ड के कई स्थानो पर बेचता है गिरफ्तार अभियुक्त प्रीतम सिंह की निशादेही पर अभियुक्त गुरविन्दर सिंह के घर नमूना फार्म से अरूणांचल मार्का 22 पेटी अवैध शराब कीमत करीब 05 लाख रूपये की बरामद कर गुरविन्दर सिंह के विरूद्व थाना बाजपुर में अलग से अभियोग पंजीकृत कराया गया। पूछताछ में अभियुक्त गणों द्वार उक्त अवैध शराब को फरार अभियुक्त गुरविन्दर सिंह के साथ मिलकर आगामी विधान सभा चुनाव हेतु फरार अभियुक्त ललित रावत को देने हेतु काशीपुर आ रहे थे। फरार अभियुक्त गुरविन्दर द्वारा उत्तराखण्ड और उ0प्र0 में कई स्थानों पर चण्डीगढ़ मार्का अवैध शराब के स्टॉक किये जाने की सम्भावना है। एसओजी द्वारा जिसकी जाँच की जा रही है। अभियोग 1 थ्प्त् छव-21/2022 नै/ 60 म्ग ।ब्ज थाना काशीपुर पंजीकृत किया गया।

# भाजपा नेता संजय ठुकराल और पार्षद प्रमोद शर्मा के नेतृत्व में डोर टू डोर जनसंपर्क कर भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील की

दुर्गेश तिवारी
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

रूद्रपुर- विधायक राजकुमार ठुकराल के समर्थन में युवाओं ने भाजपा नेता संजय ठुकराल और पार्षद प्रमोद शर्मा के नेतृत्व में हरी नगर में डोर टू डोर जनसंपर्क कर भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील की। इस दौरान भाजपा नेता संजय ठुकराल ने कहा कि प्रदेश में एक बार फिर भाजपा की सरकार बनना तय है। युवा नेतृत्व साठ के पार का नारा उत्तराखण्ड में साकार होने जा रहा है। उन्होंने कहा भाजपा राष्ट्रहित की सोच रखने वाली पार्टी है। डबल इंजन की सरकार ही उत्तराखण्ड को विकास की उंचाईयों तक ले जा सकती है। भाजपा ने 2025 तक उत्तराखण्ड को सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने का विजन बनाया है। यह विजन डबल इंजन की सरकार बनने से ही पूरा होगा। पार्षद प्रमोद शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखण्ड



सरकार ने विकास के कीर्तिमान स्थापित किये हैं। धामी के नेतृत्व में एक बार फिर उत्तराखण्ड में भाजपा की सरकार बनना तय है। इस दौरान युवाओं ने भाजपा सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए आगामी 14 फरवरी को भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील की। इस दौरान नारायण जोशी, संजय भट्ट, अरूण शर्मा, पुष्पेन्द्र गंगवार, राहुल शर्मा, अमन अवस्थी, विजय गहतोड़ी, रवि, सूरज, अरविंद धर्मेन्द्र आर्य आदि शामिल थे

# रूद्रपुर विधानसभा सीट से प्रबल दावेदार कांग्रेस प्रत्याशी कामगार प्रदेश अध्यक्ष सीपी शर्मा

दुर्गेश तिवारी
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

रूद्रपुर- कांग्रेस में एंट्री के लिए कसमसा रहे नेताओं के लिए राह अब आसान नहीं है। कांग्रेस ने तय किया कि भ्रष्टाचार में आरोपित और दागी चरित्र के नेताओं को किसी सूरत में पार्टी में नहीं लिया जाएगा। खासकर वर्ष 2016 के दौरान पार्टी छोड़कर गए लोगों में जो जो भ्रष्टाचार में लिप्त रहे और कांग्रेस के खिलाफ बयानबानी करने वालों के लिए पार्टी के दरवाजे हमेशा के लिए बंद हैं।बुधवार और गुरूवार को दिल्ली में प्रदेश प्रभारी देवेंद्र यादव, सहप्रभारी दीपिका पांडे, कांग्रेस चुनाव अभियान प्रभारी हरीश रावत और प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल की उच्च स्तरीय बैठक में इस फार्मूले पर सहमति बनी है। सूत्रों के अनुसार बैठक में उत्तराखंड में चल रह दलबदल के माहौल पर विस्तार से चर्चा की गई। सूत्रों के अनुसार पूर्व सीएम रावत और गोदियाल ने कहा कि उत्तराखंड में भाजपा को डूबता हुए जहाज बना देख बड़ी संख्या में लोग कांग्रेस से जुड़ना चाहते हैं। लेकिन अपने कार्यकर्ताओं की कीमत पर किसी को नहीं लिया जा सकता। वही उधम सिंह नगर के रूद्रपुर विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस के प्रबल दावेदार सी पी शर्मा ने बताया कि अगर उनको पार्टी इस बार उम्मीदवार



बनाती है तो वह पार्टी के भरोसे पर खरे उतरेंगे तथा उन्होंने अपने बारे में बताया कि वह कई सालों से असंगठित कामगार मजदूरों के लिए काम कर रहे हैं इसलिए उनका वोट बैंक दूसरों का अपेक्षा काफी ज्यादा है और उन्होंने शहर में अच्छा काम किया है इसका प्रमाण है कि कई सारे मजदूर संगठन सी पी शर्मा के साथ जुड़े हुए हैं और आज तक कोई भी उनके दरवाजों से खाली हाथ नहीं गया है

ऑफर
आप यहाँ अपना विज्ञापन लगवाये बहुत ही कम प्राइस में संपर्क करे-
9027776991

# थाना आईटीआई क्षेत्र में 62 पाउच कच्ची शराब के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

दुर्गेश तिवारी
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

रूद्रपुर- उपमहानिरीक्षक/ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय के आदेशानुसार नशे के विरूद्व चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गतआज दिनांक 18/01/2022 को अभियुक्त तरसेम सिंह पुत्र श्री चरन सिंह निवासी छोटी बरखेड़ी थाना आईटीआई उधम सिंह नगर को आकांक्षा गार्डन रोड गुरूद्वारे के पास 62 पाउच अवैध कच्ची शराब सहित दौराने चेकिंग गिरफ्तार किया गया जिस संबंध में थाना हाजा पर मुकदमा थ्प्त्छ 35 /22 धारा 60 आबकारी अधिनियम पंजीकृत किया गया अभियुक्त को माननीय न्यायालय पेश किया किया गया

## अनीश चौधरी के आवास पर विधानसभा चुनाव को लेकर एक सभा का आयोजन किया




निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा- त्तर प्रदेश में जैसे जैसे विधानसभा का चुनाव करीब आता चला जा रहा है राजनीतिक पार्टियां गरमाने लगी है और हर एक राजनीतिक संबंधित व्यक्ति सभी धर्मो के लोगों के साथ सभा कर अपनी विधानसभा प्रत्याशियों को लड़ाने की वार्ता कर रहे हैं जिसके चलते आज आज मुरादाबाद जनपद की विधानसभा 29 कुंदरकी मूंढापांडे क्षेत्र के पूर्व में रहे जिला पंचायत प्रत्याशी अनीश चौधरी के आवास पर विधानसभा चुनाव को लेकर एक सभा का आयोजन किया जिसमें पहुंची क्षेत्र की जनता को संबोधित करते हुए पूर्व जिला पंचायत सदस्य अनिस चौधरी ने कहा कि हम लोकतंत्र की सरकार चाहते है जो जनता की परेशानियों को समझेगा ऐसा प्रत्याशी हम लोग मूंढापांडे ब्लाक क्षेत्र की कुंदरकी 29 विधानसभा से उतारना चाहते हैं जिसको लेकर के जनता ने अपनी सारी रणनीति पूर्व जिला पंचायत सदस्य अनीश चौधरी को सौंप दी और कहा आप जिसको चाहेंगे हम उसको चुनाव लड़ आएंगे, शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई और सभी जाति बिरादरी के लोग सभा में उपस्थित रहे

## बाबू राम इंटर कॉलेज में कैंप लगाकर किया गया वैक्सीनेशन

नाजिम हुसैन
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

मुरादाबाद- भोजपुर सीएचसी में लगातार बड़े स्तर पर वैक्सेशन कैंप आयोजित किया जा रहे हैं जिसमें सभी लोगों का वैक्सीनेशन कराने के लिए भोजपुर स्वास्थ्य विभाग की टीम काम कर रही जनपद के भोजपुर सीएचसी के सरदार नगर गांव में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पहुंचकर बाबू राम इंटर कॉलेज में कैंप लगाकर सभी वैक्सीनेशन करने का काम किया बही को वेक्सिन और कोविड शील्ड दोनों वेक्सिन लगाई गई इस दौरान यह बताया गया कि 150 लोगों का वैक्सेशन कराने के लिए टीम ने काम किया और सभी को जागरूक किया कि वह अपने आसपास जिन्होंने अभी तक वैक्सीनेशन की पहली या दूसरी डोज नहीं ली है वह भी वैक्सीनेशन अवश्य कराएं, बही



स्वास्थ विभाग लगातार अपील कर रहा है,, की सभी अपना वेक्सिनेशन जरूर कराए,, बही हमारा सब का भी यही कहना है,, कि सभी लोग वेक्सिनेशन जरूर कराए,किसी बात से ना डरे,, वहीं जिला प्रशासन भी लगातार सभी से अनुरोध कर रहा है कि सभी अपने अपने समय पर दोनों डोर से अवश्य ले क्योंकि यह महामारी का एक सरल उपाय है जिससे वैक्सीनेशन करा कर ही बचा जा सकता है। इस दौरान पंचायत सहायक अमरीन, संगनी आशा देवी, आंगनबाड़ी कुसुम कुमारी मौजूद रहे,,

## गन्ना क्रय केंद्र पर गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए किसानों ने किया हंगामा

सगीर चंकी पांडे
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

मुरादाबाद- ठाकुरद्वारा। किसान धर्म कांटे पर गन्ने से लदी ट्रैक्टर ट्राली तुलवाकर गन्ना क्रय केंद्र पर पहुंचा तो क्रय केंद्र पर गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए किसानों ने हंगामा शुरू कर दिया। त्रिवेणी चीनी मिल के कर्मचारियों ने क्रय केंद्र पर पहुंचकर किसानों को समझा बूझाकर शांत किया। बुधवार को मजदूर सभा के किसान नेता प्रीतम सिंह के नेतृत्व में किसान संजय चौहान अमित कुमार धनेंद्र सिंह टिकेंद्र सिंह उर्फ टीटू सुरेंद्र सिंह विकास कुमार आदि किसान अपने गन्ने के भरे वाहन लेकर त्रिवेणी शुगर मिल रानी नांगल से अटैच मुंशीगंज स्थित गन्ना क्रय केंद्र पर पहुंचे । इससे पूर्व किसान अमित कुमार धर्म कांटे पर गन्ने से लदे वाहन का वजन करा कर ले थे ।आदि मौजूद रहे।

## पीड़ित के पति का आरोप, उसकी पत्नी के इलाज में हुई थी महिला डॉक्टर से घोर लापरवाही

मौ. युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



मुरादाबाद- जिला मुरादाबाद करूला मीना नगर जयंतीपुर के रहने वाले बाबू नाम के व्यक्ति की पत्नी कहकशा के साथ महिला डॉक्टर हिना द्वारा लापरवाही का मामला प्रकाश में आया है। पूरा मामला बताते चलें कि, पीड़ित महिला के पति का आरोप है कि, उसकी पत्नी को तीन माह पहले गर्भ से संबंधित कुछ उपचार के लिए करूला स्थित निकट मंदिर वाली गली के पास भारत हेल्थ केयर अस्पताल मैं बैठने वाली महिला डॉक्टर से उपचार कराया था। पीड़ित के पति का आरोप है कि, दो माह से उसकी पत्नी की हालत दिन-ब-दिन बिगड़ती ही चली जा रही है। जब पीड़ित के पति ने पीड़ित को अन्य डॉक्टर को दिखाया तो पता चला कि, पीड़ित की बच्चेदानी खराब हो चुकी है। पीड़ित के पति का आरोप है कि, जब उसने डॉक्टर से उसकी इस लापरवाही को कहा तो डॉक्टर हिना पीड़ित के घर पीड़ित को देखने आई और पीड़ित की पत्नी को पूरा इलाज कराने का आश्वासन दिया। परंतु डॉक्टर हिना ने कोई इलाज नहीं कराया। अब पीड़ित की पत्नी की हालत बेहद गंभीर बनी हुई है। पीड़ित के पति द्वारा आशंका जताई जा रही है कि, कभी भी कुछ दुखत हो सकता है। उसकी पत्नी मौत की कगार पर खड़ी है। आरोप है, डॉक्टर की इस लापरवाही के कारण पीड़ित की ऐसी हालत हुई है। पीड़ित के पति का कहना है कि यदि उसकी पत्नी को कुछ होता है। तो उसकी स्वयं जिम्मेदार डॉक्टर हिना होगी। बाबू का आरोप है कि, कुछ दलाल किस्म के लोग भी उससे मामला रफा-दफा करने के लिए दबाव बना रहे हैं। ओर उससे प्रताड़ित कर रहे हैं। पीड़ित के पति का कहना है कि उसने 15 जनवरी को स्थानीय चौकी जयंतीपुर में एक प्रार्थना पत्र दिया था। उसके बाद आज बुधवार को इस कड़ाके की ठंड में बाबू अपने छोटे बच्चों व अपनी पत्नी को ठेले पर लेटा कर एसएसपी कार्यालय पहुंचा और इंसाफ की गुहार लगाई है। तुरंत बाबू की पत्नी को एसएसपी कार्यालय से उपचार हेतु जिला अस्पताल भेज दिया गया। पीड़ित को कब तक इंसाफ मिल पाएगा कब तक सही उपचार मिल पाएगा। यह तो अब आने वाला समय ही बताएगा।

## पार्टी झण्डा पुलिस कर्मियों द्वारा फाड़े जाने की शिकायत पर कोतवाल की कांग्रेसियों से अभद्रता पर कोतवाली में हंगामा हुआ

मौ. युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

मुरादाबाद- जिला कांग्रेस के गुरहट्टी कार्यालय का बोर्ड व पार्टी झण्डा पुलिस कर्मियों द्वारा फाड़े जाने की शिकायत पर कोतवाल की कांग्रेसियों से अभद्रता पर कोतवाली में हंगामा हुआ। कांग्रेसियों की शिकायत पर एसएसपी ने कोतवाल की फोन पर क्लास लगाई। बाद में कोतवाल के खिलाफ कार्यवाही के आश्वासन व एक फ्लैक्सी व झण्डा लगाए जाने पर सहमति बनने पर कांग्रेसियों ने प्रकरण फिलहाल स्थगित कर दिया बुधवार को जैसे ही जिला कांग्रेस कमेटी के गुरहट्टी कार्यालय पर कांग्रेस नेता मोहतशीम मुख्तार पहुंचे तो वहाँ उन्हें फ्लैक्सी व झण्डा नदारद मिला। पूंछने पर पता चला कि रात में किसी समय पुलिसकर्मियों द्वारा डंडे से फ्लैक्सी व झण्डे को फाड़ दिया गया है। तत्काल मोहतशीम ने जिलाध्यक्ष असलम खुर्शीद अन्य कांग्रेसी नेताओं को इस घटना से अवगत करा दिया। गुस्साए कांग्रेसी दफ्तर पर जमा हुए। यहाँ से जिला अध्यक्ष असलम खुर्शीद की अगुवाई में सभी कांग्रेसी घटना की शिकायत दर्ज कराने कोतवाली पहुँच गए। आरोप है कि कोतवाल अजय कुमार जिला अध्यक्ष असलम खुर्शीद व पार्टी प्रत्याशी रिज़वान कुरैशी से



बेहद अभद्रता पूर्ण तरीके से पेश आए। परिचय देने के बाद भी उन्होंने अभद्रता जारी रखी। इसपर कांग्रेसी नेताओं में भी आक्रोश फैल गया। एकबार को कोतवाली में हंगामे की स्तिथि भी बन गई। बाद में महानगर अध्यक्ष अनुभव मेहरोत्रा पूर्व जिलाध्यक्ष अजय सारस्वत सोनी व उपाध्यक्ष अनूप दुबे व श्याम सरन एडवोकेट आदि ने मामले को एसएसपी के संज्ञान में लाने को कहा तो सभी कांग्रेसी एसएसपी ऑफिस जा पहुंचे व उन्हें कोतवाल की असभ्य आचरण सहित सारी घटना विस्तार से बताई। एसएसपी ने तत्काल कोतवाल से फोन पर बात की उनके व्यबहार पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि जब भाजपा कार्यालय पर झण्डा व फ्लैक्सी लगा रह सकता है तो कांग्रेस कार्यालय का कैसे उतारा ? बाद में उन्होंने कांग्रेसियों को कार्यालय पर एक फ्लैक्सी व झन्डे लगाने की सहमति दे दी। एसएसपी के द्वारा कोतवाल के खिलाफ कार्यवाही आश्वासन पर कांग्रेसियों ने फिलहाल प्रकरण को स्थगित कर दिया। चौहान समेत तमाम नेता मौजूद रहे

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा-संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001;उत्तर प्रदेशद्ध से छपवाकर कार्यालय म. नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद ;उत्तर प्रदेशद्ध से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# This is not a coincidence

If 160 million people have slipped below the poverty line during the Corona epidemic and on the other hand the total wealth of billionaires has doubled, then what else can it be called? However, it can be said that what happened is not a coincidence, but part of an experiment.India's face looks obscene in the mirror shown by the latest report of international non-governmental organization Oxfam from its report of economic inequality. If 160 million people have slipped below the poverty line during the pandemic and on the other hand the total wealth of billionaires has doubled, then what else can it be called? However, it can be said that what happened is not a coincidence.Rather, it is the result of the current central government policy, in which all the attention is focused on handing over public assets to the private sector, cutting direct taxes and increasing the burden of indirect taxes. Economist Arvind Subramaniam, who was the Chief Economic Advisor of the same government, recently said in an article that the Narendra Modi government has adopted a policy of increasing economic momentum and wealth by encouraging successful people.This policy is on the lines of the policy adopted in Japan a few decades ago. But Subramaniam had told that in Japan, the government had adopted a policy of providing all kinds of facilities to those successful capitalists, who seem to be helping in increasing Japan's intervention in the international market. Whereas in India without imposing any such condition, the path of handing over the wealth of the country to the successful capitalists has been adopted.His gist, however, is that what is happening is the result of a well-planned policy. It can also be called the policy of wealth transfer from the hands of the common man to the hands of the rich. So the result is that 142 (in dollars) billionaires of the country have accumulated as much wealth as they have since then with 55.5 crores. For this work to be done smoothly, the government is allowing monopoly to be established in the economy.A few days ago, US President Joe Biden said that if there is no competition in capitalism, then it becomes a system of exploitation. If anyone has sacrificed the policy adopted in India, it is competition. In this way, the grip of monopoly capitalism is tightening on the country. A glimpse of what is happening is getting a glimpse of it, the report of XFace has given.

अन्य खबरों के लिए देखे
WWW.KNLSIVE.COM

## Urfi Javed kept falling while trying to pose, the cameraman also lost his laugh.

A recent video of Bigg Boss OTT fame actress Urfi Javed is going viral on the internet. In the video, Urfi Javed is seen posing in front of the camera. However, Urfi Javed almost kept falling while trying to give a special shot. Urfi Javed was wearing an off shoulder one piece dress and she was trying to give her hair a windy pose. This video of Urfi holding a touchup powder in one hand and a makeup brush in the other is quite funny.Urfi Javed, who survives the fall - Urfi Javed tries to sway her hair in the air when she loses her balance. Somehow, while stumbling, Urfi Javed tries to balance herself. Seeing Urfi staggering, even the photographer who took his pictures could not stop laughing and started laughing openly.Funny comments made by people - Urfi Javed himself has shared the video from his verified account. Sharing this video, Urfi Javed wrote, 'What do you call a survivor who falls? Any Idea?' Fans are making funny comments on this video of Urfi. One user wrote in the comment section, 'PK ho kya?' Another user wrote, 'Balancewar'.Big Boss was seen in OTT - Let us tell you that Urfi Javed is often seen in strange clothes. She is fiercely trolled on social media for her outfits. Talking about the work front, TV actress Urfi Javed was last seen working in the reality TV show 'Bigg Boss OTT'. However, in this show she was already out in eviction.



## Fans were surprised to see this look of the old 'Sonu' of 'Tarak Mehta...', seeing the picture, the user said - 'Absolutely poison.

New Delhi- The comedy show 'Taarak Mehta Ka Ooltah Chashmah' remains the favorite of the audience even today. Every artist of this show is still very much liked by the audience. The audience has seen many actors of the show grow from small to big. One of the characters was Sonu Bhide. Actress Nidhi Bhanushali played the character of Sonu in 'Taarak Mehta'. Nidhi has become very big and very glamorous today.Nidhi may have distanced herself from acting today, but she remains very active on social media. Not only this, Nidhi is also very fond of adventure life. She often shares pictures and videos of her adventure trip with fans. Meanwhile, once again Nidhi has shared a picture of herself. Fans are asking different types of questions to Nidhi regarding this picture.Sonu Bhide i.e. Nidhi Bhanushali has shared a latest picture of herself on her Instagram handle. This picture of Nidhi is from a new trip of hers.



While sharing this photo, Nidhi has told in the caption that 'those mess pilgrim is in the misty mountains of Kasauli, Himachal Pradesh'. Along with this, Nidhi has also given a link to this new video in the bio.In the photo you can see that Nidhi is wearing a pink color t-shirt. At the same time, there are many thick tees in his hair, which are very tangled, which are seen flying in the air. In this picture, Nidhi is seen posing while looking at the camera. At the same time, the background of the mountains behind Nidhi is looking quite spectacular.Let us tell you that as always, fans are very fond of this picture of Nidhi Bhanushali. Every picture of him becomes viral as soon as it comes on social media. Commenting on this picture, fans are seen asking different types of questions to Nidhi. On this, a user commented and asked, 'Who does the funding of the tour....tell me this?' There he wrote, 'Really charming, absolutely poison.' At the same time one writes, 'Kya baat Sonu Bhide uncle calling.' So wrote, 'What have you become from what!'

# परिवार परामर्श केंद्र के सदस्यों द्वारा समझाने पर दोनों फिर से साथ रहने को तैयार हो गए



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा- वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री उदय शंकर सिंह के निर्देशन में संचालित परिवार परामर्श केंद्र में आज एक टूटे हुए परिवार को मिलाया गया, मामला थाना जलेसर के मोहल्ला सरायं खानम निवासी हिना पुत्री रफ़ीक़ व उसके पति साबिर पुत्र अनवर निवासी ग्राम कोसमा थाना जलेसर का है, दोनो की शादी 10 वर्ष पहले हुई थीं, शादी के बाद से ही साबिर पत्नी के साथ मारपीट करता था, तथा उसके अन्य महिला से अवैध सम्बंध भी थे, जिसके चलते दोनो अलग अलग रह रहे थे, आज परिवार परामर्श केंद्र के सदस्यों द्वारा समझाने पर दोनों फिर से साथ रहने को तैयार हो गए, आज की बैठक में काउंसलर अकरम खान, संजीव तिवारी, गीता शर्मा, सचेन्द्र गुप्ता, सीमा मल्होत्रा के अलावा महिला थाना प्रभारी नन्दिनी सिंह, उपनिरीक्षक मनीषा यादव, के अलावा महिला थाना व परिवार परामर्श केंद्र स्टाफ मौजूद रहा

## एसओ डॉ0 सुधीर कुमार सिंह की कार्यवाही से क्षेत्र में मचा हड़कंप



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा- एसओ जैथरा डॉ0 सुधीर कुमार सिंह के निर्देश पर जैथरा पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान, चालान में 27,500 रूपये जुर्माना बसूला, एमवी एक्ट के तहत 15 वाहनों के काटे चालान, वाहन स्वामियों से वसूला 27,500 रूपये का समन शुल्क, वही 10 वाहनों की उतरवाई काली फिल्में, एसओ डॉ0 सुधीर कुमार सिंह की कार्यवाही से क्षेत्र में मचा हड़कंप, निष्पक्ष चुनावों को सम्पन्न कराने के लिए एसओ जैथरा और उनकी टीम आर्मी के साथ चला रहे है फ्लैग मार्च अभियान, कल चेकिंग के दौरान एसओ डॉ0 सुधीर कुमार ने 1 लाख 75 हजार की नगदी की थी बरामद, थाना जैथरा क्षेत्र का मामला

## गाड़ी नंबर UP 32 LN 5503 में सवार एक व्यक्ति के पास से 501000 बरामद



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा-दिनांक 19.01.2022 को समय करीब 13रू40 बजे आगामी विधान सभा चुनावों के दृष्टिगत शान्ति-व्यवस्था एवं चेकिंग में लगी थाना कोतवाली देहात क्षेत्र की 'फ्लाइंग स्क्वायड टीम 3' और थाना पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा जावड़ा पुलिस चौकी के सामने चेकिंग के दौरान संदिग्धता के आधार पर गाड़ी नंबर न्च 32 स्छ 5503 में सवार एक व्यक्ति के पास से 'द 501000' बरामद किये गये हैं। उक्त व्यक्ति से बरामद रूपयों के सम्बन्ध में पूछा गया तो वह संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। पुलिस पूछताछ के बाद अग्रिम कार्यवाही हेतु आयकर विभाग को सूचित किया गया है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# तीन राशन की दुकानों पर लगाया गया जुर्माना



शुभम शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

अलीगढ़ - राशन वितरण को लेकर भले ही शासन स्तर से गंभीरता बरती जा रही हो, लेकिन कुछ डीलर इस पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। इसके चलते वितरण का फीसद भी कम है। कोटा डीलर वितरण की रफ्तार नहीं बढ़ा पा रहे हैं। कई दुकानें तो ऐसी हैं, जहां पर अब तक 70 फीसद तक वितरण हुआ है, जबकि नियमानुसार यहां पर वितरण पूरा हो जाना चाहिए था। ऐसे में अब सभी पूर्ति निरीक्षकों को भ्रमण कर तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। जिला पूर्ति अधिकारी ने नगर क्षेत्र की तीन दुकानों का निरीक्षण किया। इन तीनों दुकानों पर वितरण का फीसद कम मिला। इसके साथ ही दुकान पर बोर्ड भी नहीं लगा हुआ था। इसके चलते डीएसओ ने प्रति दुकान दो हजार रूपये के हिसाब से जुर्माना लगाया। तीनों दुकानों पर छह हजार रूपये का जुर्माना लगाया गया है।

## चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए क्षेत्र में भ्रमण कर एरिया डोमिनेशन

योगेश मुदगल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा - थाना निधौली कलाँ क्षेत्र में विधानसभा क्षेत्र मारहरा व जलेसर के क्रिटिकल बूथों, कस्बा निधौली कलाँ, धौलेश्वर, रामनगर, नगला बंदी, नगला खिल्ली, जिटौली, रूपसपुर आदि में ब्व जलेसर के नेतृत्व में असिस्टेंट कमांडेंट गिरिराज सिंह व थानाध्यक्ष निधौली कलाँ, सीमा सुरक्षा बल व थाना फोर्स के साथ विधानसभा चुनाव 2022 को सकुशल संपन्न कराने के लिए क्षेत्र में भ्रमण कर एरिया डोमिनेशन किया गया।

अन्य खबरों के लिए देखे
WWW.KNLSIVE.COM

# गुम होता एटा का ओद्योगिक व्यापार

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा- उत्तर प्रदेश के एटा जनपद की अलीगंज तहसील लकड़ी की तम्बाकू अन्तर्राष्ट्रीय मार्केट में जाने के बाद भी सरकारी अनुदान न मिलने के कारण आज एटा जनपद सौतेला पन महसूस कर रहा है, जलेसर तहसील पीतल के लिए अन्तर्राष्ट्रीय मार्केट में जाने के साथ-2 फिल्म दुनिया में एक गाना के वोल मीरा नाचे विन ३ जलेसर के घुंघरू थे, किसी मन्दिर में चले जाये वहाँ लटके घण्टे जलेसर के होगे, लेकिन सरकारी अनुदान न मिल पाने के कारण आज पीतल की नगरी के नाम से मशहूर मुरादाबाद है, ब्लॉक महारहरा में चूड़ी की कई भट्टिया चला करती थी, सरकारी अनुदान न मिल पाने के कारण आज सुहाग की नगरी फीरोजाबाद है, आखिरकार 2007 में वसपा को सात सीट जीत दी, लेकिन एटा के साथ सोतेले पन का ब्यबहार किया गया ओर कासगंज को कांशीराम नगर करके एटा की कमर तोड़ी है, बदलाव किया ओर सपा को 2012 में 6सीट दी ओर एक वसपा दी ,बदलाव किया ओर 2017 में एटा-कासगंज मिलाकर सात सीटे भारतीय जनता पार्टी के खाते में दी लेकिन योगी के विधायक भी खरे नही उतरे अभी एटा जनपद सोते ले पन बहुत-बहुत परेशान है, नेता जनपद एटा की जनता को पाँच साल में नल ओर नली में फंसा कर रखे था, भाजपा ने तो नली भी उसी की वनी जिसने लाखों रूपये में आग लगा ली

## वि.नि. क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी विवेक बंसल ने किया नामांकन

शुभम शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

अलीगढ़ - जनपद में तीन दिनों से कड़ाके ठंड पड़ रही है। इससे आमजन प्रभावित हो गया है। लेकिन विधानसभा चुनाव के चलते सर्द भरे मौसम में नेताओं का तापमान हाई है। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी पूर्व विधायक रहे विवेक बंसल ने बुधवार को कोल विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन किया। कोल, बरौली व अतरौली से प्रत्याशी भी अपना-अपना नामांकन दाखिल करने पहुंचे। वहीं, खैर, इगलास व छर्रा सीट पर अभी तक प्रत्याशी घोषित नहीं हुए हैं।

## पैट्रोल पम्प के कर्मचारियो को अग्नि शमन सुरक्षा सम्वंधी प्रशिक्षण



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा- अमर शहीद श्री जितेन्द्र सिंह फिलिंग स्टेशन मथुरा रोड आगरा पर पैट्रोल पम्प के कर्मचारियो को अग्नि शमन सुरक्षा सम्वंधी प्रशिक्षण देते हुए रिटायर्ड सी0 एफ0 ओ0 शिवदयाल शर्मा जनपद आगरा ।आगरा।आज दिनांक 19.01.22. श्री शिवदयाल शर्मा रिटायर्ड सी0 एफ0 ओ0 ने अमर शहीद श्री जितेन्द्र सिंह फिलिंग स्टेशन मथुरा रोड आगरा के पैट्रोल पम्प के कर्मचारियो को अग्नि शमन सुरक्षा सम्वंधी जानकारी दी गई । तथा पैट्रोल पम्प पर आग लगने के कारणो व वुझाने की भी जानकारी दी गई ।तथा आग लगने पर पैट्रोल पम्प पर उपलब्ध अग्नि शामक यन्त्रो को चलाने की व वुझाते समय सावधानी बरतने की भी जानकारी दी गई । तथा कोराना को देखते हुए सरकार द्वारा दी गई गाइड लाइन के भी सुझाव दिये गये । तथा साथ ही साथ सी.एफ. ओ ने पैट्रोल पम्प के कर्मचारियो को फायर स्टेशन के आपातकालीन टेलीफोन नंबरो की भी जानकारी दी गई ।मौके पर उपस्थित मैनेजर श्री राम सिंह व स्टाफ राजन, अशोक पचौरी, हुकुम सिंह, देवेन्द्र, दुर्गेश व जनता के लोगो ने इस कार्य की काफी प्रशंसा एव सराहना की ।

# करंट की चपेट में आने से हुई हथनी की मौत



रामचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

.सूरजपुर -जिले के प्रतापपुर वनपरिक्षेत्र क्षेत्र के ग्राम दरहोरा में करंट की चपेट में आने से एक हथिनी की मौत हो गई. हथिनी के शरीर में कई जगह करंट से जलने के निशान पाए गए हैं. वही समीप विद्भुत तार जमीन पर पड़े मिले. आज सुबह ग्रामीण हाथी का शव देखकर वन अमला को जानकारी देने के बाद मौके पर पहुँच जांच पड़ताल में लगी है. घटनास्थल के समीप से 11 केव्ही विद्युत तार जमीन से 4 5 फिट ऊपर से गया हुआ है. बीती रात 4 हाथी इस रास्ते जाते वक्त एक हथिनी करंट की चपेट में आ गई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई.

## करंट लगने से हुई मौत

जिले के प्रभारी वनमंडलाधिकारी बी एस भगत ने बताया कि शव को देखकर प्रथम दृष्टया करंट लगने से मौत होना प्रतीत हो रहा है इसके शरीर में करंट से जलने के निशान भी पाए गए हैं खेत के ऊपर 11 हजार केवी लाइन भी गुजरी हुई है विद्युत विभाग को नोटिस जारी किया जाएगा. गौरतलब है कि दरहोरा गांव व उसके आस पास में जगह जगह पर तार जमीन से कम ऊँचाई पर झूले हुए है जिसके वजह से आज एक 49 वर्षीय हथिनी की मौत हो गई है.

# स्व सहायता समूह की महिलाओं ने आलू विक्रय कर कमाया 1 लाख 35 हजार रूपये

रामचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच





.सूरजपुर - राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना नरवा, गरवा, घुरूवा बाड़ी योजना के तहत ग्राम पंचायतों में गौठान विकसित किया जा रहा है। गौठानों में मल्टी एक्टिविटी सेंटर के माध्यम से बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाओं को रोजगार उपलब्ध हो रहा है।सूरजपुर जिले के जनपद पंचायत प्रतापपुर के ग्राम पंचायत खड़गवा कला गौठान में करमडांड महिला स्व सहायता समूह द्वारा एक लाख 35 हजार रूपये का आलू बेचा गया है। गौठान में आलू खुदाई का कार्य चल रहा है इससे महिलाएं आर्थिक रूप से मजबूत हो रही हैं, वहीं सामाजिक रूप से भी सुदृढ़ हुए हैं। गौरतलब है कि गौठानों के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं और पशुपालकों को नियमित रूप से रोजगार मिल रहा है। इसके साथ ही गोधन न्याय योजना के तहत गोबर बेचकर धनार्जन कर रहे हैं, वहीं महिला स्व-सहायता समूह की महिलाओं को वर्मी खाद निर्माण और विक्रय से रोजगार भी मिल रहा है। गौठानों में साग-सब्जी की खेती भी की जा रही है, जो उनकी अतिरिक्त आमदनी का जरिया बन गया है। ग्राम पंचायत खंडवा कला गौठान के करमडांड स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने बताया कि गौठान में शासन के बाड़ी विकास योजना अंतर्गत विभिन्न बहुउद्देशीय कार्य किया जा रहा है जिसमें उनका आजीविका चल रहा है। उन्होंने बताया कि गौठान के बाड़ी में 1 लाख 35 हजार रूपये का आलू विक्रय कर चुके हैं तथा लगभग एक एकड़ का आलू खुदाई करना शेष है। इसी तरह गेंदा फूल से 5 हजार रूपए की आमदनी हुई है तो वहीं अदरक से 40 हजार रूपए की जहां डेढ़ एकड़ की खुदाई अभी शेष है, मशरूम से 25 हजार रूपए की आमदनी हुई है तथा पालक भाजी से 4 हजार रूपए की आमदनी हुई है।

# कोविड संक्रमित मरीजों के आवास से 100 मीटर की दूरी तक कन्टेन्मेंट जोन घोषित

## कोविड-19 के प्रोटोकॉल का पालन करना होगा अनिवार्य

रामचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

सूरजपुर - कोरोना संक्रमण के नियंत्रण एवं रोकथाम के लिए कंटेनमेंट जोन बनाए गए हैं जिसमें विकासखंड सूरजपुर तहसील लटोरी अंतर्गत रेशमा सिद्दीकी आरटीआई कॉलोनी बिश्रामपुर, रजनी पैकरा व देवांश 1बी 20 कॉलोनी बिश्रामपुर, देवभूसन डीएमक्यू 40 बिश्रामपुर, स्नेहलता एसईसीएल कॉलोनी, उमा विश्वकर्मा विश्वकर्मा पुस्तक भंडार बिश्रामपुर, जगेश्वर ग्राम सतपता, स्टेफी फिलीक्स डिकुन्हा शांतिनगर बिश्रामपुर, तनीशा लकरापारा बिश्रामपुर, छात्रा मानकुंवर, अंकिता, रानी, अंबिका एक्का, शारदा, किरन, शीला यादव बीएम कॉलोनी बिश्रामपुर, रामबचन सीएचसी हॉस्पिटल के पीछे बिश्रामपुर, प्रदीप कुमार ग्राम शिवनंदनपुर, खुशबू कौर माइनस कॉलोनी, भानुप्रताप आरटीआई 1093 कॉलोनी, सोहन सिंह लकरापारा बिश्रामपुर एवं श्यामा ग्राम सतपता बिश्रामपुर को कोविड संक्रमित पाये जाने पर संक्रमित व्यक्ति के आवास से 100 मीटर के दूरी तक को कंटेनमेन्ट जोन घोषित किया गया है। इसी तरह विकासखंड प्रतापपुर अंतर्गत रविशंकर मंदिर के पिछे मायापुर-1, बबन सोनी, मुरारी सोनी एवं 3 अन्य सदस्य नयं प्रतापपुर वार्ड न. 8, अरूण कुमार 52 वर्ष नयं जरही उर्जानगर मकान न. 328, गुड्डा सतनामी 45 वर्ष जरही वार्ड न.-15 मकान न. 45, दिलीप कुमार गुप्ता प्रतापपुर बिजली ऑफिस के पिछे, श्रीमती सुनिता मिश्रा प्रतापपुर वनखेता मिशन रोड, देवन्ती ग्राम खैराडीह, मास्टर अर्श 11 वर्ष, अक्षय 39 वर्ष, श्रीमती सपना 32 वर्ष मेन रोड ग्राम जगन्नाथपुर, रीना गुप्ता कदमपारा वार्ड न. 12 प्रतापपुर, कु. जिज्ञासा सिंह पिता राजेश सिंह खपरापारा जगन्नाथपुर को कोविड संक्रमित मरीज पाये जाने पर संक्रमित क्षेत्र को कंटेनमेन्ट जोन घोषित किया गया है। कोविड-19 के संक्रमण से बचाव एवं रोकथाम हेतु निवासरत मरीज के घर के 100 मीटर के परीधि तक को कन्टेनमेंट जोन घोषित किया गया है।मान्यतः प्रतिबंध रहेगा यदि किसी को बाहर से अंदर व अंदर से बाहर जाना है तो इस हेतु स्थानीय प्रशासन एवं चिकित्सीय टीम के सलाह से निर्णय लिया जायेगा तथा उक्त कन्टेनमेट जोन में इससे संबंधित अधिकारी सुरक्षा व्यवस्था, चिकित्सा एवं अन्य आवश्यक सामाग्री आपूर्ति के संबंध में आवश्यक व्यवस्था करेंगे। कटेनमेन्ट जोन में कार्य करने वाले सभी कोविड-19 के प्रोटोकॉल का पालन करना सुनिश्चित करेंगें। नियमों के उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जायेगी।

# त्रिस्तरीय पंचायत उपचुनाव के लिए मतदान दल हुआ रवाना,आज होगा मतदान

रामचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



सूरजपुर - सूरजपुर जिले में त्रिस्तरीय पंचायत उपचुनाव 2021-22 मतदान संपन्न कराने के लिए मतदान दल आज विकासखंड सूरजपुर, भैयाथान, प्रतापपुर एवं ओड़गी अंतर्गत, जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य, सरपंच एवं वार्ड पंच के निर्वाचन के लिए मतदान एवं मतगणना को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण संपन्न करने के लिए मतदान दल को मतदान सामग्री प्रदाय कर रवाना किया गया है। सभी मतदान दल अपने-अपने गंतव्य स्थल मतदान केंद्रों में सकुशल पहुंच चुके हैं। मतदान प्रातः 8:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक होगी एवं 3 बजे पश्चात् मतगणना मतदान केंद्र में ही संपन्न की जाएगी।सारणी करण एवं निर्वाचन परिणाम की घोषणा पंच, सरपंच एवं जनपद सदस्य के मामले में 22 जनवरी 2022 को सुबह 9:00 बजे से खंड मुख्यालय में एवं जिला पंचायत सदस्य के मामले में दिनांक 24 जनवरी 2022 को सुबह 9:00 बजे से जिला मुख्यालय सूरजपुर में की जाएगी। गौरतलब है कि सूरजपुर जिले के ओड़गी ब्लाक के अंतर्गत जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक 5 के लिए 76 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। प्रतापपुर क्षेत्र के जनपद पंचायत सदस्य के लिए क्षेत्र क्रमांक 10 के लिए 8 मतदान केंद्र एवं माड़ीडाड सरपंच के लिए एक मतदान केंद्र बनाए गए हैं। भैयाथान क्षेत्र वार्ड पंच के लिए 3 मतदान केंद्र तथा सूरजपुर ब्लॉक के लिए ग्राम पंचायत कुंदा सरपंच के दो मतदान केंद्र एवं वार्ड पंच के एक मतदान के लिए निर्वाचन होना है। निर्वाचन के लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है सुरक्षा की पर्याप्त व्यवस्था की गई है एवं सेक्टर अधिकारियों की भी नियुक्ति की गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से मतदान करने अपील की है।

दैनिक अख़बार क्यूँ न लिखूँ सच
को जिला एवं तहसील स्तर पर
ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन
प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

## कारखानों, संस्थाओं में कार्यरत श्रमिक व कर्मचारी के मतदान के लिए रहेगा आज अवकाश

रामचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

.सूरजपुर - छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग आदेश के परिपालन में त्रिस्तरीय पंचायत आम व उप निर्वाचन 2021-22 हेतु जिले के संबंधित निर्वाचन (जहां निर्विरोध निर्वाचन की स्थिति हो वहां को छोड़कर) छ.ग. शासन श्रम विभाग द्वारा कारखाना अधिनियम 1948 तथा छत्तीसगढ़ दुकान एवं स्थापना अधिनियम 1958 के अंतर्गत आने वाले कारखानों, संस्थाओं में कार्यरत श्रमिक, कर्मचारी के लिए मतदान के दिन 20 जनवरी 2022 को अवकाश घोषित किया गया है।

## प्रशिक्षण में 01 जोनल एवं 17 सैक्टर मजिस्ट्रेट अनुपस्थित, कारण बताओ नोटिस जारी


मनोज पटेल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



बदायूँ - मुख्य विकास अधिकारी कार्मिक/प्रभारी अधिकारी कार्मिक बदायूँ ऋषि राज ने निर्देश दिए हैं कि विधान सभा सामान्य निर्वाचन-2022 को सम्पन्न कराने हेतु निर्वाचन में लगाए गये समस्त जोनल मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट का सामान्य एवं ई0वी0एम0 प्रशिक्षण बुधवार को शिव देवी सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज, आवास विकास बदायूँ में आयोजित किया गया, जिसमें जोनल मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट को बिन्दुवार प्रशिक्षण दिया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी दीपा रंजन ने अवगत कराया है कि सभी विधानसभाओं में चार-चार जोनल मजिस्ट्रेट लगाए हैं साथ ही सभी में एक-एक जोनल मजिस्ट्रेट रिजर्व में भी रखे गए हैं। 116 शेखूपुर विधानसभा में 04 जोनल मजिस्ट्रेट के सापेक्ष सभी एवं 42 सैक्टर मजिस्ट्रेट के सापेक्ष 37, 114 बिल्सी विधानसभा में 04 जोनल मजिस्ट्रेट के सापेक्ष सभी एवं 35 सैक्टर मजिस्ट्रेट के सापेक्ष 33, 113 सहसवान विधानसभा में 04 जोनल मजिस्ट्रेट के सापेक्ष सभी एवं 36 सैक्टर मजिस्ट्रेट के सापेक्ष 34, 112 बिसौली विधानसभा में 04 जोनल मजिस्ट्रेट के सापेक्ष सभी एवं 38 सैक्टर मजिस्ट्रेट के सापेक्ष 36, 115 बदायूँ विधानसभा में 04 जोनल मजिस्ट्रेट के सापेक्ष सभी एवं 34 सैक्टर मजिस्ट्रेट के सापेक्ष सभी, 117 दातागंज विधानसभा में 04 जोनल मजिस्ट्रेट के सापेक्ष 03 एवं 40 सैक्टर मजिस्ट्रेट के सापेक्ष 36, रिजर्व में सभी विधानसभाओं में एक-एक जोनल मजिस्ट्रेट रखे गए है, सभी उपस्थित तथा रिजर्व 30 सैक्टर मजिस्ट्रेट के सापेक्ष 28 उपस्थित रहे। समस्त विधानसभाओं में समस्त 30 जोनल मजिस्ट्रेट के सापेक्ष 29 उपस्थित तथा कुल 01 अनुपस्थित रहें तथा समस्त 255 सैक्टर मजिस्ट्रेट के सापेक्ष 238 उपस्थित व 17 अनुपस्थित रहे। पीठासीन अधिकारी एवं पी1 को पहली बार ट्रेनिंग दी जाएगी, उसके बाद पूरी पोलिंग पार्टी को ट्रेनिंग दी जाएगी। प्रभारी अधिकारी कार्मिक विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 ऋषिराज ने निर्देश दिए कि सभी जोनल एवं सैक्टर मजिस्ट्रेट समय से अपने दायित्वों को पूर्ण करें। अनुपस्थित जोनल एवं सैक्टर मजिस्ट्रेट को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाए।

## क्षेत्राधिकारी नगर रूद्रपुर अभय कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक विक्रम राठौर ,असिस्टेंट कमांडेंट दीवान सिंह, द्वारा क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया गया

दुर्गेश तिवारी
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच





रूद्रपुर- क्षेत्राधिकारी महोदय नगर रूद्रपुर व असिस्टेंट कमांडेंट एसएसबी वह थाने में नियुक्त समस्त उपनिरीक्षक गणो एसएसबी के जवान थाने नियुक्त कर्मचारियों के द्वारा रमपुरा, पहाड़गंज ,खेड़ा, रेशम बाड़ी, भदईपुरा क्षेत्र में फ्लैग मार्च कर वर्तमान में आदर्श आचार संहिता का पालन कराना व सामाजिक सौहार्द पूर्ण शहर का वातावरण बनाए रखने व निर्भय होकर मतदान करने हेतु लोगों से अपील की गई वह मतदान बिना भय व लालच के करने हेतु अवगत कराया गया कोई भीअसामाजिक तत्वों द्वारा उन्माद फैलाने की तत्काल सूचना पुलिस को देने की अपील की गई।फ्लैग मार्च में सम्मिलित अधिकारीगण श्रीमान क्षेत्राधिकारी नगर रूद्रपुर अभय कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक श्री विक्रम राठौर ,असिस्टेंट कमांडेंट दीवान सिंह, 710 क,असिस्टेंट कमांडेंट अभ्युदय निंबा सालुंखे 710 ह,कंपनी कमांडर कश्मीर सिंह, कंपनी कमांडर राज कमल मीणा, पांचवी वाहनी एसएसबी वरिष्ठ उपनिरीक्षक सतीश चंद कापडी, प्रभारी चौकी रमपुरा अनिल जोशी, प्रभारी चौकी बागवाड़ा अशोक कांडपाल ,प्रभारी चौकी बाजार संदीप शर्मा, प्रभारी चौकी आदर्श कॉलोनी प्रदीप कुमार ,उप निरीक्षक जय प्रकाश, प्रकाश राम विश्वकर्मा, महेंद्र कुमार ,विजय कुमार ,अनुराग सिंह एसएसबी के जवान वह थाने में नियुक्त समस्त कर्मचारी गण।

## पिंक एक्सप्रेस की टीम ने मतदाताओं को किया जागरूक



मनोज पटेल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

बदायूँ - विधानसभा 115 बदायूं में पिंक एक्सप्रेस की टीम नंबर दो टीम लीडर ऋतु शर्मा, रितु कुमारी, भावना, पूनम तथा सुनीता द्वारा केदारनाथ महिला इंटर कॉलेज, पार्वती इंटर कॉलेज, रस्तोगी धर्मशाला, प्राथमिक विद्यालय बनगवां तथा प्राथमिक विद्यालय युसूफ नगर स्थित चुनाव स्थल व मतदाताओं से संपर्क किया। पिंक एक्सप्रेस ने ग्रामीणों से अपील की है कि 18 वर्ष की आयु से अधिक घर के सभी लोग वोट अवश्य डालें, कोई भी मतदाता वोट डालने से वंचित न रह जाए। घर के काम महिलाएं वोट डालने के बाद ही करें सुबह सबसे पहले वोट डालकर आए और उसके बाद अन्य कामों को किया जाए। डीएम ने महिलाओं का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि अपने अधिकारों का लाभ अवश्य उठाएं वोट डालने जरूर जाएं लोकतंत्र के इस पर्व में भागीदारी निभाएं।

## सर्दी व गलन से जन जीवन अस्त-व्यस्त



शुभम शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

अलीगढ़ - सुबह लोग सोकर उठे तो शहर कोहरे की चादर से ढका नजर आया। मार्निंग वाक पर जानेवाले कोहरा व कड़ाके की ठंड के तेवर देख बाहर निकलने की हिम्मत नहीं जुटा पाए। तड़के से ही वातावरण कोहरे की चादर में लिपटा नज़र आया। वाहन चालक ही नहीं, अन्य राहगीरों को भी दिक्कत हुई। मुख्य मार्गो पर जगह-जगह लोग अलाव जलाकर ठंड से बचाव करते नजर आए। कोहरा तो छंटा, लेकिन सूरज नहीं निकला। अधिकतम तापमान 19 डिग्री व न्यूनतम 7 डिग्री सेल्सियस रहा।

## शहर में चली ई-बसों में मिलेगी ई-पेमेंट की सुविधा



शुभम शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

अलीगढ़ - कम दूरी का सफर तय करने के लिए प्राइवेट बस, आटो, ई-रिक्शा में धक्का खाने वाले यात्रियों को ई-बसों (इलेक्ट्रिक बस) का सफर भा रहा है। सर्द हवाएं अंदर बैठे यात्रियों को परेशान नहीं करतीं। गेट भी तभी खुलते हैं, जब स्टॉप आ जाए। आरामदायक सीटों पर बैठे यात्री खुद को सुरक्षित महसूस कर रहे हैं, खासकर महिलाएं। इन बसों में ई-पेमेंट की सुविधा भी है। यात्रियों के पास पैसे नहीं हैं तो मोबाइल के जरिए क्यूआर कोड को स्कैन कर टिकट का पेमेंट कर सकते हैं। शहर के दो रूटों पर पांच ई-बसें दौड़ीं। पीपीपी (पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप) के तहत 15 ई-बसें मिली हैं।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

ऑफर
आप यहाँ अपना विज्ञापन लगवाये बहुत ही कम प्राइस में संपर्क करे-
9027776991

## विजयपुर उत्तर पट्टी में चल रहे तीन दिवसीय बालीवाल प्रतियोगिता



सद्दाम हुसैन
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

कुशीनगर – विकास खंड दुदही के ग्राम पंचायत विजयपुर उत्तर पट्टी में चल रहे तीन दिवसीय बालीवाल प्रतियोगिता के दूसरे दिन सपा के पूर्व प्रदेश सचिव मुव हसमुददीन अंसारी वतौर मुख्य अतिथि के रूप में खिलाडियों का परिचय करा कर शुभारंभ कराया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते अंसारी ने कहा की खेल से आपसी भाई चारा, सौहार्द, मेल मिलाप के साथ अपने कला के प्रदर्शन के उचित अवसर पाकर खिलाडियों में प्रतिभा की निखार आती है।तीन राउंड के बेहतर प्रदर्शन में बलडीहा और बांसगांव, बलुआ और विजयपुर, पिपराजटामपुर और विजयपुर के रोमांचक मुकाबले में विजेता टीमे क्रमशः बलडीहा, बलुआ, पिपराजटामपुर के टीमे फाइनल मुकाबला के लिए चयनित कर ली गई। इस अवसर पर ग्राम प्रधान विजयपुर दक्षिण पट्टी अमावस यादव , ग्राम प्रधान शकुंतला देवी, पूर्व प्रधान राजू प्रसाद, सपा नेता संतोष यदुवंशी, राजेश कुशवाहा, वीरेंद्र यादव, राजाराम गोड़, सुधीर कुशवाहा,योगेश्वर कुशवाहा,दिलीप कुशवाहा,किशुन यादव, रामाधार यादव, मैनेजर कुशवाहा, नसरूद्दीन अंसारी तथा अंपायर के रूप में बालाद्दीन अंसारी और अभय कुशवाहा मौजूद रहे।

WWW.KNLSIVE.COM

## विधानसभा निर्वाचन मे प्रयोग हेतु वाहन की सूची उपलब्ध कराएं स्कूल प्रबंधकगण – अपर जिलाधिकारी

लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

श्रावस्ती – आगामी विधानसभा निर्वाचन 2022 में प्रयोग हेतु जिले के स्कूल प्रबंधक गण वाहन की सूची 31 जनवरी,2022 तक सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी और जिला पूर्ति अधिकारी को उपलब्ध कराए ,और सूची उपलब्ध कराते समय गाड़ी का नम्बर, चालक का नाम व मोबाइल नम्बर अवश्य अंकित करें। उक्त निर्देश जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा प्रकाश के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी /उप जिला निर्वाचन अधिकारी कमलेश चन्द्र ने स्कूल प्रबन्धको के साथ अपने कक्ष में बैठक करने के दौरान दिया है। उन्होंने स्कूल प्रबन्धको को यह भी निर्देश दिया है कि कोविड़-19 ओमिक्रोन से सुरक्षा हेतु वे अपने वाहन चालको को जो अभी तक वैक्सीन नही लगवाए है,अनिवार्य रूप से लगवा दिया जाय,जिन वाहन चालकों को कोविड़ के दोनों टीके लग गए है उन्हें बूस्टर टीका लगवा दिया जाय। उन्होंने कहा कि जो वाहन मरम्मत योग्य है उनको



भी दुरूस्त कर दिया जाय ताकि उन गाड़ियों को निर्वाचन में प्रयोग के दौरान कोई कठिनाई न हो। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी अधिग्रहित वाहनों की जाँच भी करना सुनिश्चित भी पूर्व से ही कर लेंगे। उन्होंने बताया कि जिले में 902 मतदेय स्थलों पर मतदान हेतु पोलिंग पार्टियों को ले जाने हेतु लगभग 234 बड़े वाहन/ बसों तथा 230 छोटे वाहन बुलेरो आदि की आवश्यकता होगी। अपर जिला अधिकारी ने ए0 आर0 टी0 ओ0 को निर्देश दिया है कि जिले में निर्वाचन के दौरान आवश्यकता वाले वाहनों की की व्यवस्था हेतु अभी से कार्यवाही प्रारम्भ कर दे ताकि व्यवस्था पूर्ण ढंग से चुनाव को सम्पन्न कराया जा सके। इस अवसर परज्वाइन्ट मजिस्ट्रेट परीक्षित खटाना, उपजिलाधिकारी रोहित,जिला पूर्ति अधिकारी दीपक कुमार वार्ष्णेय,ए0 आर0 टी0 ओ0 राजीव कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक ,जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रभुराम चौहान,यात्री कर अधिकारी रन वीर सिंह चौहान, सचिन शुक्ला सहित स्कूल प्रबंधक पवनेश शुक्ला सहित अन्य जिले के अन्य प्रबंधक गण उपस्थित रहे।

## जमुनहा तहसील के अधिवक्ता संघ का चुनाव संपन्न



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

श्रावस्ती – तहसील जमुनहा के सभागार में अधिवक्ता संघ के तहसील अध्यक्ष पद का चुनाव संपन्न हुआ अध्यक्ष पद के दावेदार थे सत नारायण यादव व राम नारायन सिंह जिसमें अध्यक्ष पद के लिए सत्य नारायण यादव को 64 मत मिले और रामनारायण सिंह को 58 मत मिले व बीरबल बर्मा को 27 मत महेंद्र कुमार शर्मा को 28 हजारीलाल, पाठक को 68 ,मत वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिव शंकर चौधरी 58 मत दिनेश प्रताप वर्मा 65 मत, पाकर विजई घोषित किए गए कुल मत 123 मत पड़े जिसमें अध्यक्ष पद के लिए सत नारायण यादव को 64 मत मिले 6 मत अधिक मिले और इनके प्रतिद्वंदी राम नारायण सिंह को 58 मत मिले 6मत कम मिले और इन्हीं से इनको संतोष करना पड़ा 6 माता पाकर सत नारायण यादव विजई घोषित किए गए कुल मत 123 पड़े जिसमें एक मत अवैध रहा और 122 मतों की गणना की गई एल्डर कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद रशीद खान कल्यानपुरी ने बताया कि निष्पक्ष भाव से मतदान कराया गया है और मतदान के बाद निष्पक्ष होकर मत दान किया गया जिससे अधिवक्ता संघ संतुष्ट रहा ।

www.knlslive.com

## मुख्य विकास अधिकारी के नेतृत्व में विकास भवन मेंअधिकारियों व मतदान मास्टर ट्रेनरों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया

दुर्गेश तिवारी
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

रुद्रपुर– मुख्य विकास अधिकारी आशीष भटगांई के नेतृत्व में विकास भवन सभागार में सखी बुथों हेतु नियुक्त महिला पीठासीन अधिकारियों व मतदान अधिकारी प्रथम को दो पालियों में मास्टर ट्रेनरों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। उन्होने कहा विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2022 को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एंव सुरक्षित सम्पन्न कराना हम सभी का दायित्व है। उन्होने निर्देशित करते हुए कहा सभी कार्मिक अपने कार्यो व दायित्वों में पूर्ण दक्षता हासिल करें ताकि मतदान प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो। उन्होने कहा कि पीठासीन अधिकारी, पीठासीन अधिकारी की डायरी का भली-भॉति अध्ययन कर लें। उन्होंने सभी कार्मिको को पूरी विनम्रता एवं शालीनता से अपने दायित्वों का निर्वहन करने तथा दिव्यांग मतदाताओं को मतदान के दिन किसी प्रकार की असुविधा न हो इसका विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि पीठासीन अधिकारी मतदान के दिन पीठासीन



अधिकारी की डायरी को अवश्य भरें। उन्होंने सभी कार्मिको को संबोधित करते हुए कहा कि प्रशिक्षण में सिखाई जा रही सभी बारीकियों को गहनता से आत्मसात करें तथा किसी भी प्रकार की समस्या या जिज्ञासा हो तो उसका भी समाधान कराएं। उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की समस्या आने पर नियमानुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि किसी भी नियम की विवेचना अपने विवेकानुसार कतई न करें, यदि किसी नियम या विषय पर कोई समस्या हो तो अपने उच्चाधिकारियों को अवगत कराते हुए समाधान कराना सुनिश्चित करें। मास्टर ट्रेनरों द्वारा ईवीएम के सैद्वान्ति व व्यवहारिक प्रशिक्षण के दौरान मतदान कार्मिको को विभिन्न प्रपत्र भरने, ईवीएम को ऑन व ऑफ करने व सील करने के साथ ही बी.यू., सी.यू. तथा वीवीपैट को संयोजित करने, खोलने और सील करने की प्रक्रिया, विभिन्न प्रकार के लिफाफों, पीठासीन अधिकारी की डायरी, विभिन्न प्रकार की घोषणाओं आदि के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए प्रशिक्षण दिया गया। इसके साथ ही मास्टर ट्रेनरों ने मतदान हेतु सामग्री प्राप्त के तरीके, मतदान से पूर्व बूथ पर की जाने वाली कार्यवाही, मतदान शुरू करने, मतदान समाप्ति सहित सम्पूर्ण मतदान प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी। मास्टर ट्रेनर ने प्रशिक्षण के दौरान कार्मिको की शंका का निदान किया। उन्होंने कहा कि इस बार कोविड-19 के कारण निर्वाचन प्रक्रिया में कोविड-19 से सम्बन्धित गाइड लाईनों का भी अनुपालन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि वायरस से सुरक्षा हेतु मतदान स्थलों पर पूरी व्यवथस्था की जा रही है। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी टीम भावना से कार्य करना सुनिश्चित करें।